संख्या- 43 /2026 / 320 /चार-2026-2007283

प्रेषक,

मनोज कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग **लखनऊ: दिनांक: 03 फरवरी, 2026**

विषय:- प्रयागराज माघ मेला वर्ष 2026 के अन्तर्गत दिनांक 04 जनवरी, 2026 से 30 जनवरी, 2026 तक आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार एवं स्थानीय यातायात पर होने वाले व्यय की संशोधित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 4174/सं0नि0-15(108)/2025-26, दिनांक 29 जनवरी, 2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि निदेशालय के पूर्व पत्र संख्या- 3833/सं0नि0-15(108)/2025-26, दिनांक 05 जनवरी, 2026 द्वारा प्रयागराज माघ मेला वर्ष 2026 के अन्तर्गत दिनांक 04 जनवरी, 2026 से 30 जनवरी, 2026 तक आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों के मानदेय एवं किराया एवं कार्यक्रम संबंधी अन्य व्यवस्थाओं पर होने वाले अनुमानित व्यय हेतु प्रेषित प्रस्ताव की तालिका के क्रमांक-3 व 5 पर उल्लिखित मद में टंकण त्रुटिवश क्रमश: 80.00 लाख व 70.00 लाख के स्थान पर क्रमश: 0.80 लाख व 0.70 लाख अंकित हो गया है उक्त मद का संशोधित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नवत् निर्गत कराया जाना प्रस्तावित किया गया है:-

क्र0	विवरण	शासनादेश दिनांक 16.01.2026 द्वारा स्वीकृत धनराशि (रू0 लाख में)	प्रस्तावित धनराशि (रू0 लाख में)
1	दिनांक 04-30 जनवरी, 2026 तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के प्रचार-प्रसार स्टैण्डी, बैनर, पोस्टर, बैकड्राप, अगवस्त्र, कलाकारों की प्रस्तुति का प्रमाण-पत्र, अभिलेखीकरण, बैकस्टेज इत्यादि पर व्यय	0.80	80.00
2	दिनांक 04-30 जनवरी, 2026 तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रतिभाग करने वाले विशिष्ट / लोक कलाकारों के स्थानीय स्तर पर यातायात पर व्यय	0.70	70.00
	कुल योग	1.50	150.00

2. अवगत कराना है कि संस्कृति निदेशालय के पत्र दिनांक 05 जनवरी, 2026 के प्रस्तावानुसार शासनादेश संख्या- 17/ 2026 / 27 /चार-2026-2007283 दिनांक 16 जनवरी 2026 द्वारा प्रयागराज माघ मेला वर्ष 2026 के अन्तर्गत दिनांक 04 जनवरी, 2026 से 30 जनवरी, 2026 तक आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों के मानदेय एवं किराया एवं कार्यक्रम संबंधी अन्य व्यवस्थाओं पर होने वाले व्यय रू0 473.00 (रूपये चार करोड़ तिहत्तर लाख मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें उपरोक्त तालिकानुसार रू0 0.80 लाख व रू0 0.70 लाख अर्थात् रू0 1.50 लाख सम्मिलित है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

3. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार प्रयागराज माघ मेला वर्ष 2026 के अन्तर्गत दिनांक 04 जनवरी, 2026 से 30 जनवरी, 2026 तक आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार एवं स्थानीय यातायात पर होने वाले संशोधित व्यय **रू0 148.50 (रूपये एक करोड़ अड़तालीस लाख पचास हजार मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि शासनादेश संख्या- 17/2026/27/चार-2026-2007283 दिनांक 16 जनवरी 2026 में उल्लिखित शर्तें यथावत् रहेंगी।

4. उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-102-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन-19- विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन-42-अन्य व्यय मद से वहन किया जायेगा।

5. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

संख्या - 43 /2026 / 320 (1)/चार-2026-2007283 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी, प्रयागराज।
4. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।